रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

विश्वविद्यालय में गांधी जयंती पर आयोजन

जबलपुर, 02 अक्टूबर। रादुविवि में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर प्रभारी कुलसचिव डॉ. दीपेश मिश्रा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. अशोक मराठे की उपस्थिति में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के छायाचित्रों पर माल्यार्पण किया गया। प्रभारी कुलसचिव डॉ. दीपेश मिश्रा ने गांधी जी द्वारा समाज एवं राष्ट्रहित में किए गए अनुकरणीय कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छ वातावरण में ही आपका शरीर स्वस्थ रहता है और तभी आप पूरी सकारात्मक ऊर्जा के साथ सृजनात्मक कार्यों को पूर्ण कर सकते हैं। डॉ. अशोक मराठ ने भी महात्मा गांधी जी एवं शास्त्री जी द्वारा राष्ट्रहित में किए गए अतुलनीय योगदान से अवगत कराया।

इस अवसर पर सहायक कुलसचिव श्री अभयकांत मिश्रा, डॉ. देवांशु गौतम कार्यक्रम अधिकारी मुक्त इकाई रासेयो रादुविवि, श्री राजमणि नासेरी, श्री जितेन्द्र तिवारी, श्री सुनील दुबे, श्री जगदीश प्रसाद, श्री दीपक नाहिर, श्री सतेन्द्र कुशवाहा एवं श्री मनीष पिल्ले सहित कर्मचारीगण उपस्थित रहे।